'पेंशनर्स समाज के नवनिर्माण में सक्रियता से भागीदारी निभाएं'

भरतपुर, (निसं)। गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम ने कहा कि पेंशनर्स समाज में संस्कृति, संस्कार एवं परम्पराओं को नई पीढी तक पंहुचा कर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पेंशनर स्वयं को सेवानिवृत नहीं मानें बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुडकर देश-प्रदेश के सुनहरे भविष्य में सक्रियता से भागीदार बनें।

गृह राज्यमंत्री सोमवार को बीडीए ऑडिटोरियम में आयोजित पेंशनर्स समाज अधिवेशन में वरिष्ठ नागरिकों को

- **पेंशनर्स समाज भरतपुर का जिला स्तरीय अधिवेशन आयोजित**

सम्मानित करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स समाज की अमूल्य निधि हैं, इन्हें सम्मान व समय देकर बेहतर समाज निर्माण के लिए युवाओं को संस्कृति व संस्कार की शिक्षा ठाहण करनी होगी। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा में रहने के दौरान जनता की सेवा करने वाले पेंशनर्स अब समाज में नवाचारों से जुडकर पर्यावरण संरक्षण, संस्कृति व संस्कारों को भावी पीढी तक पंहुचा कर अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य, संस्कृति व परम्पराओं का खजाना बुजुर्गों के पास है इसे आने वाली पीढियों को लाभान्वित करने के लिए पेंशनर्स महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। पारिवारिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, इसे रोकने के लिए पेंशनर्स को आगे आकर आपसी संवाद से विचारों का आदान-प्रदान कर भावी पीढी को लाभान्वित करना होगा।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। बजट में पेंशनर्स से संबंधित 10 प्रमुख मांगों को शामिल कर समस्याओं का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स को अब समाज के नवनिर्माण में सक्रियता से भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रिहत को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण व सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं। बुजुर्गों का सम्मान एवं आदर हमारी परम्परा रही है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले पेंशनर्स को आव्हान किया कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान, संस्कृति, संस्कार के प्रचार-प्रसार व युवाओं को मार्गदर्शन देने में प्रेरक की भांति कार्य करें।कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्रसिंह ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अधिवेशन को प्रदेश अध्यक्ष शंकरसिंह मनोहर, जिला अध्यक्ष डोरीलाल शर्मा, प्रदेश सचिव किशनसहाय शर्मा सहित पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान 90 से अधिक आयु के पेंशनर्स को प्रतीक चिन्ह देकर व शॉल उडाकर सम्मानित किया गया। पेंशनर्स शाखा की स्मारिका का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम ने पेंशनर्स समाज अधिवेशन को संबोधित किया।

सार-समाचार

पंचामृत से कराया भगवान का अभिषेक

मेहंदीपुर बालाजी, (निसं)। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी पर रविवार को सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी धाम के सीताराम मंदिर में रामलला का जन्मोत्सव अतिभव्य तरीके से मनाया गया। यहां रामनवमी के अवसर पर सीताराम मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा की गई, मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मंदिर परिसर के अंदर मनमोहक झांकियां सजाई गई। जिनके दर्शन कर श्रद्धालुओं का मन हर्षित हो गया। वही12 बजे सीताराम दरबार की महाआरती हुई, इससे पहले मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने सीताराम प्रतिमाओं का पंचामृत अभिषेक कर इत्र केवडा का छिडकाव कर फूल बंगला झांकी सजाई। जहां साडे 12 बजे महंत नरेशपुरी ने ज्यों ही पर्दा उठाया तो रामलला के दर्शन कर श्रद्धालुओं के जयकारे लगाए, इससे मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। महंत ने महाआरती कर महाप्रसादी का भोग लगाया, इसके बाद मंदिर को आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया गया। इस दौरान 61 किलो चूरमा व 121 किलो पंचामृत की प्रसादी का वितरण किया गया।वही रामलला को 151 किलो केक का भी भोग लगाया गया ।और मंदिर में केक को रखा गया।इस दौरान डॉक्टर महंत नरेशपुरी महाराज ने कहा कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्म हुआ था, इसलिए इस शुभ तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। भगवान राम अयोध्या के राजा दशरथ और महारानी कौशल्या के पुत्र थे। भगवान श्रीराम को विष्णु जी का 7वां अवतार माना जाता है।उन्होंने कहा भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र जन जन के लिए अनुकरणीय है। हमें भगवान राम के आदर्श मूल्यों को आत्मसात करना होगा और तभी मनुष्य जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। हर घर में नई पीढी को श्रीराम चरित मानस की कथा नित्य पढनी चाहिए। इससे जीवन की हर समस्या के हल को खोजा जा सकता हैं। वही पूरे बालाजी मंदिर को रंग विरंगी लाइट व रोशनी से सजाया गया है।

सड़क बनवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सडक निर्माण की मांग की है। प्राइवेट बस स्टैंड से फव्वारा चौक तक 67.50 लाख की लागत से बनने वाली सडक का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। यह रोड रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक जाती है। इस रास्ते पर मिनी सचिवालय, कोर्ट, पंचायत समिति, पावर हाउस, स्कूल और फल-सब्जी मंडी स्थित हैं। सडक की खराब स्थिति और जगह-जगह गड्ढों के कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूर्व में भी इस सडक के लिए बजट स्वीकृत हुआ था। निर्माण कार्य शुरू भी हुआ, लेकिन भाजपा समर्थकों की शिकायत पर रोक दिया गया। समय पर काम न होने से बजट लैप्स हो गया। विधायक रामकेश मीणा के प्रयासों से अब फिर से 67.5० लाख की स्वीकृति मिली है। नई योजना के अनुसार पुरानी सडक को खोदकर नई सडक का निर्माण किया जाएगा। इससे आसपास के मकानों के लेवल पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो उप जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पार्षद मदन पचौरी, पीसीसी सदस्य मुकेश देहात सहित कई प्रमुख लोग शामिल थे।

कॉर्नियल टियर का सफल ऑपरेशन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजकीय जिला अस्पताल में पहली बार नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा एक व्यक्ति की आँख के कॉर्नियल टियर का सफल ऑपरेशन किया गया। राजकीय जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र गुप्ता नें बताया कि गाँव महू खास निवासी 33 वर्षीय सुनील जाटव मजदूरी के दौरान पांच दिन पूर्व आँख में चोट लग गई थी.जिसके कारण दिखना बंद हो गया था.दो दिन पहले सुनील जाटव नें जिला अस्पताल में कार्यरत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नंदमोहन सुमन को आँखो को दिखाया.जिसकी जाँच करने पर पता लगा की सुनील की आँख का हीरा फट गया था और पुतली बाहर आ गई थी.नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नंदमोहन सुमन नें मरीज को जयपुर रेफर करते हुए तत्काल आपरेशन कराने की सलाह दी. क्योंकि समय पर ऑपरेशन नही होने के कारण स्थाई रूप से आँख की रौशनी जाने की संभावना थी. लेकिन मरीज की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह जयपुर जानें में इलाज कराने में सझम नहीं था.इसके चलते डॉ नंदसुमन नें मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सरकारी अस्पताल में ही निशुल्क ऑपरेशन करने की प्लान किया.और दूसरे दिन शनिवार को ही मरीज सुनील जाटव की आँख के पूरी तरह से फ़टे हुए हीरा का सफल आपरेशन किया गया. रविवार को मरीज की आँख से पट्टी हटाने पर उसे पहले की तरह ही दिखने लगा.ऑपरेशन के वक्त डॉ नंदमोहन सुमन के साथ नेत्र सहायक पूरनमल मीना एवं एकता मीना का सहयोग रहा।

पाईप गोदाम में आग से लाखों का नुकसान

करौली, (निसं)। एक पाइप के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपए के पाइप जलकर खाक हो गये वही गोदाम में टेंट हाउस का रखा जनरेटर और सामान भी जलकर खाक हुआ एवं नगर परिषद प्रशासन कि अग्निशमन गाडी कि तैयारी कि पोल खुली। यहां कि पोस कॉलोनी गायत्री नगर के बीचों-बीच स्थित पुराने विनायक रिसोंट में ज्योति एजेंसी का गोदाम था वही धर्मेंद्र सिंह जादौन के टेंट का जनरेटर आदि सामान भी रखा हुआ था अकस्मात ही दोपहर बाद गोदाम मे आग लगने से धुंआ के गुब्बारे निकले जिसे देखकर आसपास के लोगो मे हड़कंप मचा और बड़ी संख्या में गोदाम के चारों तरफ भीड़ का जमावड़ा लग गया जिसकी सूचना लोगों ने नगर परिषद प्रशासन को सूचना पर नगर परिषद प्रशासन की ओर से एक अग्नि'मन वाहन घटनास्थल पर आग बुझाने पहुंचा लेकिन जब कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए पानी का नोजल खोला और मशीन चालू कि तो उसमें से पानी ही नहीं निकला उसके बाद उन्होंने नगर परिषद के दूसरे वाहन को बुलाकर आग पर काबू पाया तब जाकर लोगों को राहत मिली मौके पर सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी पहुंची आग लगने के कारणो कि जानकारी ली गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार

करौली, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने कब्रिस्तान कि जमीन पर कब्जा करने व मारपीट के मामले मे कार्यवाही करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना अधिकारी अघ्यात्म गौतम ने बताया कि सलमान पुत्र स्व. अब्दुल सलीम पठान मुसलमान 32 निवासी चटीकना करौली ने थाना कोतवाली करौली पर रिपोर्ट पेश कि कि गत 17मार्च को प्रात: 12:00 बजे की बात है कि कब्रिस्तान पठान मेला गेट के पास कब्रिस्तान कि भूमि में कब्रिस्तान में रहने वाले फकीरो की रिहायसी झोपडी बनी हुई है वहाँ पर शाहरुख पुत्र शब्बीर, लुकमान पुत्र गनी, अतीक पुत्र गनी एवं सलीम का लडका निवासी मेला गेट चिरचिरी वाले एवं लखन मीना,राजेश तथा 10-12 अन्य व्यक्ति हाथों में लाठीया एवं डण्डे तथ धारदार हथियार लेकर जबरन कब्रिस्तान कि भूमि पर कब्जा करने कि नियत से आ गये तथा आते ही कब्रिस्तान कि भूमि में फकीरो की रिहायसी झोपडी में आग लगा दी तथा औरतों से गाली गलौच की तथा अय्यूब के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर अधमरा होने पर छोडकर भाग गये।

मुंडा की मूर्ति तोड़ने का विरोध

करौली, (निसं)। राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष प्रो.रामेश्वर मूंडरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बिरसा मुंडा की मूर्ति तोडने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष रामखिलाडी आगिर्री ने बताया कि लालसोट के रामगढ पचवारा बस स्टैंड पर क्रांतिकारी बिरसा मुंडा कि मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया। महासभा ने मूर्ति तोडने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस दौरान रामेश्वर मूंडरी प्रदेश अध्यक्ष,डॉ के. एल .मीना प्रदेश कोषाध्यक्ष,रामखिलाडी मीना जिला अध्यक्ष करौली,रघुनाथ लेदिया प्रदेश मुख्य महासचिव, कुंजी लाल मीना प्रदेश उपाध्यक्ष,लेखराम मीना प्रदेश उपाध्यक्ष, गणेश टोडूपुरा आदि मौजूद रहे।

रणथंभौर वन क्षेत्र में तय समय के बाद निजी वाहनों के प्रवेश पर लगाई फटकार

सवाई माधोपुर, (निसं)। रणथम्भौर बाघ परियोजना में अनियमितताओं पर लगाम लगने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही नया मामला सूर्यास्त के बाद वन क्षेत्र में निजी वाहनों को प्रवेश देने का नजर आया है।

दरअसल, वन विभाग की ओर से कुछ लोगों के निजी वाहनों को सूर्यास्त के बाद गणेश धाम से वन क्षेत्र में प्रवेश दे दिया गया, जबकि शाम 5 बजे बाद निजी वाहनों के प्रवेश पर वन विभाग द्वारा पूर्ण प्रतिबन्ध है। ज़ब यह मामला स्थानीय विधायक व कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा के पास पहुंचा तो वह गणेश धाम के प्रवेश द्वार पहुँचे। जहां मौके पर मौजूद रणथम्भौर बाघ परियोजना के उपवन संरक्षक डॉ. रामानंद भाकर और अन्य अधिकारियों को अनाधिकृत रूप से निजी वाहनों को सूर्यास्त के बाद वन क्षेत्र में प्रवेश देने पर जमकर फटकार लगाई ओर मौके पर वन मंत्री, वन विभाग के उच्च अधिकारियो से फोन पर बात कर रणथंभौर में हो रही अनिमियतता के बारे में बताया और मामले में दोषियो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियो पर आरोप लगाया कि एक तरफ कचीदा माता दर्शनों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को रोका जा रहा है और दूसरी ओर सूर्यास्त के बाद अवैध रूप से निजी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। मामले में कृषि मंत्री डॉ किरोडीलाल मीना कुछ समय धरने पर बैठे और बाद में वन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए जोगीमहल प्रवेश द्वार के पास खडी कारें जप्त की गई। किरोडी लाल ने कहा कि ये क्षेत्र राज्य की प्रकृतिक धरोहर होने के बजाय विशिष्ठ व्यक्तियों के कीड़ास्थल बनते जा रहे हैं। जहाँ एक तरफ प्रधानमंत्री वीआईपी कल्चर को समाप्त करने के अनेक कदम उठाये हैं वहीं दूसरी ओर राज्य के वन्यजीव क्षेत्र वीआईपी कल्चर के पोषक बन रहे हैं। नियम कोई भी सबके लिए समान होने चाइये। इस मामले को लेकर डॉ किरोडी लाल मीणा ने केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा और रणथंभौर उड रही नियमो की धज्जिया को लेकर अवगत करवाया। उन्होंने इस मामले की जांच नेशनल टाइगर कनजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) से कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र में लिखा कि सेंचुरी होमगार्ड के कुछ लोग वन अधिकारियों के बाहनों (कैम्परों) से यात्रियों को भ्रमण कराकर बडी राशि अर्जित कर रहे हैं।

दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए

भरतपुर, (निसं)। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, भरतपुर द्वारा आज 44वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यश अठावाल (प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी) व विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र अग्रवाल उद्योगपति एवं समाजसेवी थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस अवसर पर यश अग्रवाल ने सभी गणमान्य लोगों, अतिथियों एवं दानदाताओं को प्रेरित करते हुए दान देने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. भूषण अरोडा ने डॉ. एम.एम. बापना को याद करते हुए उनकी भूरि-भूरि प्रसंशा की और कहा कि डा. बापना के किये गये अथक प्रयासों से ही समिति आज इस मुकाम तक पहुंची है कि दूर-दूर तक इसका नाम है। 44वें स्थापना दिवस समारोह में 7 अतिथियों में कृष्णकुमार अग्रवाल, एवं समिति कोषाध्यक्ष दीपिका मेहता ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर समिति सचिव डॉक्टर यू.एस. जूरैल द्वारा समिति की स्थापना वर्ष 1981 से लेकर आज तक का परिचय देते हुए बताया गया कि संस्था द्वारा 1981 से अप्रैल 2025 तक पांच लाख से ज्यादा दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायता प्रदान की गई है। जिसमें कृत्रिम पैर, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र, वैशाखियां, बुजुर्गों की छडी, आर्थिक सहायता, पोलियो ऑपरेशन, कृत्रिम हाथ आदि समिति द्वारा लगाए गए। डॉ. जूरैल द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि यश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र अग्रवाल ने भगवान महावीर को चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने समिति की वर्कशाप का अवलोकन किया तथा बारीकी से कृत्रिम पैर कृत्रिम हाथ व कैलीपर बनाने की कार्यप्रणाली को समझा तथा प्रशंसा की।

श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के स्थापना दिवस पर दिव्यांगों को उपकरण किवरित किए।

शिक्षा विभाग के नए प्रस्ताव का विरोध

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) ने शिक्षा विभाग के नए प्रस्ताव का विरोध किया है। विभाग ने उपप्रधानाचार्य पद को समाप्त कर वरिष्ठ व्याख्याता पद सृजित करने का प्रस्ताव दिया है। सोमवार को रेसला के जिला अध्यक्ष रूप सिंह मीणा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एडीएम रामकिशोर मीणा को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इस प्रस्ताव को व्याख्याताओं के हितों के विरुद्ध बताया है। रेसला की प्रमुख मांगो में वरिष्ठ व्याख्याता का पद तुरंत वापस लिया जाए। व्याख्याताओं की पदोन्नति सीधे प्रधानाचार्य (लेवल-16) पर की जाए। राजस्थान शिक्षा एवं अधीनस्थ सेवा नियम 2021 के तहत उपप्रधानाचार्य की 2023-24 और 2024-25 सत्र की डीपीसी तुरंत की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं : जाटव

करौली, (निसं)। करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने कहा कि अधिकारी केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएँ एवं आमजन जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य गाईडलाईन के अनुसार एवं गुणवता के साथ कार्य हो।

सांसद भजनलाल जाटव सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री सडक योजना मे लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने, कार्यो की गुणवत्ता का ध्यान रखने, निर्माण कार्यो एवं अन्य प्रस्ताव समय पर भिजवाने के निर्देश दिये। साथ ही टोल पर इमरजेन्सी लाईन सुचारू रखने के निर्देश दिये जिससे एम्बुलेंस, आदि आवश्यक सुविधाओं का आवागमन वाधित नहीं हो। वहीं जिले में अवैध खनन लगाम लगाये रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होने बैठक मे कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्य समय सीमा मे पूर्ण हो व गांव व ढाणियों में रह रहे आमजन को केन्द्र सरकार की मंशानुसार समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सडक क्षितठास्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नही करना पडे। उन्होने बैठक मे नरेगा, पीएम आवास योजना मे प्रगति लाने, अटल भू जल योजना, अमृत सरोवर योजना, पीएम आर्दश ठााम योजना, चंबल पेयजल योजना, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जहां जहा कार्य चल रहे है उनका अधिकारी समय पर मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण करें और इस बात का भी ध्यान रखे कि विकास कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जायेगा। साथ ही गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानते हुए कार्यवाही की जाए। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारी को बिजली की समुचित सप्लाई बनाये रखने, बकाया कृषि व घरेलू कनेक्शनों को शीघ्र ही जारी करने के निर्देश दिये इसके अलावा उन्होने नगर परिषद के अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों को समय पर पूर्ण करने, समय पर साफ सफाई करवाने, पीएम आवास योजना व स्वच्छ भारत अभियान के सहित अन्य योजनाओं मे प्रगति लाने, कृषि विभाग के अधिकारी को पीएम फसल बीमा योजना के तहत कृषकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने, बकाया क्लेम बीमा स्वीकृत करवाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, पीएम कृषि सिचांई योजना सहित अन्य योजनाओं के समय पर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होने चिकित्सालयों में दवाईओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने , मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, संस्थागत प्रसव बढाने,राष्ट्रीय ठााामीण स्वास्थ्य मिशन व टीकाकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होने महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक को निर्देशित किया कि आंगनबाडी केन्द्रों को गुणवत्ता युक्त पोषाहार देने सहित विभिन्न योजनाओं के संबंध मे बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक रूप से कार्य करने के दिशा निर्देश दिये। बैठक में टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने हिण्डौन की सडकों को लेकर गुणवत्ता पूर्ण मरम्मत करवाने सहित बिजली, कृषि सहित अन्य विभाग से संबंधित मुद्दो पर चर्चा की। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने केन्द्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिये जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आश्वासन दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, एसीईओं जिला परिषद लाखन सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा सहित पेयजल,शिक्षा,सडक सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पूर्व मंत्री के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। पूर्व पंचायत राजमंत्री के नेतृत्व मे सैकडो कि संख्या मे आये लोगो ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पे'ाकर मामचारी थाने मे दर्ज एक दुष्कर्म के आरोपियो को गिरफ्तार करने कि मांग की है। पूर्व मंत्री रमेश मीणा के साथ आये सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के रामवीर मीणा,जगनलाल, बटुआ,पवन पैटोली, अखलेश मामचारी, सोनू शर्मा, धारा सिंह मीणा,अफजाल कुरेशी,रोहित गुप्ता,कांग्रेस जिला अध्यक्षमीणा ने जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम को मुख्यमंत्री के नाम का अलग अलग ज्ञापन पे'ाकर बताया कि मामचारी थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की बारदात हुई है। जिसकी प्राथमिकी 24 मार्च को मामचारी थाने में पीडिता के पिता ने दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आठ आरोपी नामजद किये गये है। आरोपियो ने पहले उसके साथ दुष्कर्म किया, अश्लील वीडियों फोटो बनाये, ब्लैलमेल करके धनराशि भी एठी और अब भी ब्लैकमेल कर रहे है। प्राथमिकी दर्ज होने के 15 दिन बाद भी सभी आरोपी गिरफतार नहीं हुये है। मामले में पुलिस राजनैतिक दबाब के चलते कार्यवाही नहीं कर रही है। जिससे पीडिता और उसके परिजनों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। आरोपियों द्वारा पीडिता के परिजनो को धमकियां दी जा रही हैं जिससे वे भयभीत है। ऐसी स्थिति में पीडिता एवं परिजन न्याय के लिये प्रशासन से गुहार लगा रहे है। राजनैतिक दबाब के कारण पुलिस निष्पक्ष और प्रभावी कार्यवाही नहीं कर रही है राजनैतिक दबाब के चलते आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। नाबलिंग बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में थाना मामचारी जिला करौली में दर्ज प्राथमिकी संख्या 332025 में निष्पक्ष जाँच पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही कर आरोपियों जल्द से जल्द गिरफतार कर पीडिता को शीघ्र न्याय दिलवाने का श्रम करावे। यदि शीघ्र ही प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो पीडिता के पक्ष में धरना प्रदर्शन के लिये मजबूर होना पडेगा।

पहलवानों ने की जोर आजमाइश

डीग/भरतपुर, (निसं)। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सोमवार को अलवर रोड स्थित विशाल कुश्ती दंगल में शिरकत की। नगर पालिका की ओर से कस्बे में चल रहे श्रीरथ यात्रा एवं मेले के तहत आयोजित कुश्ती दंगल में दूरदराज क्षेत्रों से पहलवानों की कुश्ती हुई जहां शरुआती दौर में छोटे पहलवानों की कुश्ती कराई गई, जिसमे पहलवानों ने जोर आजमाइश कर अपने दांवपेंच लडाकर के कुश्ती जीती। कुश्ती दंगल में गुर्ज की कुश्ती के लिए राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा के पहलवानों के द्वारा जोर आजमाइश की गई। इस दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा व गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम पहलवानों का हौसला अफजाई करते हुए नजर आए। इससे पूर्व आयोजकों ने वन एवं पर्यावरण मंत्री और गृह राज्य मंत्री का साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय मेले के अंतर्गत राम नवमी के पावन पर्व पर नगर में आयोजित इस कुश्ती दंगल को देखने आए ग्रामीण अंचल से बुजुर्गों, बच्चों, मातृशक्ति और सभी नौजवानों का अभिवादन है। उन्होंने कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का भी स्वागत किया और कुश्ती दंगल में निमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही नगरपालिका के चेयरमैन रामावतार मित्तल सहित सभी मेला कमिटी के सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कुश्ती दंगल की परंपरा हमारी संस्कृति में आदि काल से चली आ रही है। मेले के माध्यम से आज भी कस्बों और गांवों में सब लोग जाती, बंधन, क्षेत्रवाद आदि को मिटाकर एक जगह पर बैठकर दंगल का आनंद ले रहे है। ये हमारे बुजुर्गों की परंपरा रही है और आधुनिक युग में इससे बडी बात कोई हो नहीं सकती। उन्होंने सभी पहलवानों को कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसी तरह भारत का नाम रोशन करने को कहा।

जातिगत टिप्पणी करने का आरोप

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री राजपूत करणी सेना ने ट्रैफिक इंचार्ज राधेश्याम बैरवा के जाति विशेष को गाली देने की शिकायत करते हुए उच्चाधिकारियो से संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग करते हुए करणी सेना के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम बृजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि ट्रैफिक इंचार्ज ने सडक किनारे ट्रैक्टर खडा करने पर एक राजपूत समाज के किसान को धमकाया। चालान काटते समय उन्होंने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। राजपूत समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो गया है। वीडियो में ट्रैफिक इंचार्ज का आपत्तिजनक व्यवहार स्पष्ट दिख रहा है। एक अन्य वीडियो में वह नियमों के विरुद्ध एक व्यक्ति को सडक पर पीटते नजर आ रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि राधेश्याम बैरवा की भाषा से आम लोग भी परेशान हैं। पुलिस विभाग राष्ट्र की सुरक्षा से जुडा है। जातिगत आधार पर शक्ति का दुरुपयोग समाज में तनाव फैला सकता है। राजपूत समाज और आम नागरिकों ने उनके खिलाफ शीघ्र विभागीय कार्रवाई की मांग की है।

द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल भवन ट्रस्ट की द्विवार्षिक कार्यकारिण के चुनाव अग्रवाल धर्मशाला में शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। चुनाव में कुल 1339 लोगो ने मतदान किया, जिसमें से 1316 मत वैध पाए गए। इनके आधार पांच सदस्यों का चयन किया गया। निर्वाचन अधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता ने परिणाम घोषित किए। जितेंद्र बुकसेलर सर्वाधिक 1151 वोट प्राप्त कर विजयी रहे। मुकेश मित्तल लाइट को 1041 वोट मिले। ओमप्रकाश घी वाले 997 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सुनील अतेवा को 942 और धर्मदेव आर्य को 836 वोट मिले। चुनाव संयोजक मनीष सिंघल के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। उम्मीदवार अपने परिवार और समर्थकों के साथ वोट मांगते दिखे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद गुट्टा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग और जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल और व्यापार मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सहित समाज के सैकडों लोगों ने मतदान में भाग लिया।

पांचवी बोर्ड परीक्षा शुरू

गंगापुर सिटी,